आज दिनांक 22 जून 2022 को गुरु नानक देव निशुल्क रक्तदान सेवा समिति की तरफ से गुरु श्री गोरक्षनाथ रक्त कोष के तत्वधान में एक वृहद रक्तदान शिविर का आयोजन।

आज दिनांक 22 जून 2022 को गुरु श्री गोरक्षनाथ रक्त कोष के सहयोग से गुरु नानक देव निशुल्क रक्तदान सेवा सोसायटी के तरफ से लीलावती देवी हरी लाल इंटर कॉलेज पथरा बाजार में एक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर उपस्थित गुरुद्वारा श्री जटाशंकर गोरखपुर के अध्यक्ष श्री यशपाल जी ने अपने विचार व्यक्त करते हुए बताया कि रक्तदान महादान है एक रक्तदान एक यज्ञ के समान है एक रक्तदाता के रक्तदान से 4 लोगों के प्राणों की रक्षा की जा सकती है तथा रक्तदाता को किसी प्रकार की कोई हानि नहीं होती है।

इस अवसर पर चंद्रशेखर मोनिका रेखा शबाना खातून आशिया प्रमोद इश्तियाक शक्ति मान विपिन सर्वेश कविता वीरेंद्र पूजा जयप्रकाश सहित कुल 36 लोगों ने रक्तदान शिविर में भाग लिया

इस अवसर पर ब्लड बैंक अधिकारी डॉक्टर ममता जयसवाल जी ने रक्त दाताओं के प्रति अपनी शुभकामनाएं व्यक्त करते हुए अपने हृदय से आभार व्यक्त की तथा धन्यवाद ज्ञापित कीं।